समाचार

# दर्री बराज पुल सहित निगम द्वारा विभिन्न सड़कों का किया जा रहा मरम्मत कार्य



कोरबा 08 नवम्बर 2019 –निगम क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के कार्य में तेजी लाते हुए निगम द्वारा दर्री बराज पुल सड़क सहित विभिन्न सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, इधर कोरबा जोन के वार्ड क्र. 04 में डामरीकरण कर रोड का कायाकल्य किया जा रहा है, वहीं सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत कुचैना से कुसमुण्डा रोड की मरम्मत का कार्य भी प्रगति पर है।

वर्षा ऋतु के दौरान अधिक वर्षा एवं पानी बहाव क कारण निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित अनेक सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी एवं सड़कों पर गड्ढे हो जाने के कारण आवागमन में कठिनाईयां हो रही थी। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने समय –समय पर इन क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व सुधार कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। विगत लगभग एक माह से निगम द्वारा मरम्मत योग्य सड़कों की मरम्मत व सुधार का कार्य लगातार किया जा रहा है, इसी कड़ी में दर्री बराज पुल सड़क की मरम्मत का कार्य निगम द्वारा प्रारंभ कराया गया है, उक्त सड़क पर बने गड्ढों से धूल, मिट्टी हटाकर गड्ढों को सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से भरकर समतलीकरण किया जा रहा है, तत्पश्चात उक्त सम्पूर्ण सड़क पर डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती रानी रोड में निगम द्वारा डामरीकरण का कार्य कर उक्त सड़क का कायाकल्प किया जा रहा है। सर्वमंगला जोन के अंतर्गत आने वाली कुचैना से कुसमुण्डा तक की रोड की मरम्मत व सुधार का कार्य भी वर्तमान में प्रगति पर है।

<u>दर्जनों सड़कों की मरम्मत कर आवागमन को सुगम बनाया गया</u>– इसके पूर्व नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के दर्जनों मुख्य मार्गो व आंतरिक सड़कों का डामरीकरण एवं सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से मरम्मत व सुधार कार्य कर इन सड़कों पर आवागमन को सुगम व सुविधाजनक बनाया गया है। निगम द्वारा महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से तिलक भवन गुरूघासी दास चौक की ओर जाने वाली सड़क, महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर की ओर की जाने वाले मुख्य मार्ग, जैन चौक से तानसेन चौक जाने वाली व्ही. आई.पी. रोड, साकेत भवन के सामने से तहसील कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क तथा केनाल

शनिमंदिर रेलवे स्टेशन रोड आदि सड़कों का डामरीकरण के माध्यम से मरम्मत व सुधार कार्य निगम द्वारा कराया गया है। इसी प्रकार दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले श्यामनगर, लाटा, कुमगरी तथा टी. पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों की मरम्मत का कार्य सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से किया गया है, वहीं इमलीडुग्गू से बरबसपुर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के सैकड़ों छोटे–बड़े गड्ढ़ों को भरकर निगम सीमा के अंदर मार्ग का मरम्मत कार्य कराकर आवागमन को सुविधापूर्ण बनाया गया है।